

# पटवारियों की बैठक ली

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 22 अप्रैल.** एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने बीएमओ डॉ राघवेन्द्र भदौरिया को निर्देश दिये कि सभी चिकित्सक ओपीडी में निर्धारित समय अनुसार मौजूद रहें तथा आपातकालीन सेवाएं सतत् रूप से जारी रहें। उन्होंने कहा कि भर्ती रोगियों का उपचार स्वास्थ्य प्रोटोकॉल अनुसार सुनिश्चित किया जायें तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें।

## अनुपस्थित तीन पटवारियों को नोटिस जारी

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा बडौदा में पटवारियों की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक से अनुपस्थित पटवारी अफसर अंसारी, लीला आदिवासी एवं श्रीमती दिप्ति अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। एसडीएम गगन सिंह मीणा ने पटवारी बैठक के दौरान निर्देश दिये कि सभी पटवारी अपने-अपने हल्को में सतत् रूप से भ्रमण करें तथा सौपे गये दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक किया जायें।

एसडीएम मीणा द्वारा आज सलमान्या स्थित साईलों केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा उर्पाजित गेहूं के भण्डारण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने साईलों पर स्थापित गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण भी किया तथा गेहूं की तौल के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आये किसानों से चर्चा भी की। इस दौरान तहसीलदार बडौदा सुरेश राठौर भी मौजूद रहें।

# तेज रफ्तार टैक्टर ट्राली के पलटने से महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर 22 अप्रैल.** विजयपुर के अगरा क्षेत्र लारदै मेधपुरा से करीब दो दर्जन महिलाएं ब पुरूष शादी की खरीदारी करने बजार जारहे थे टैक्टर ट्राली में सबार होकर कि तेज रफ्तार मैं टैक्टर चालक का संन्तुलन बिगड़ने से मेधपुरा के पास अचानक टैक्टर ट्राली पलट गई जिसमै संसार दो दर्जन पुरुष ब महिलाएं धायल होग ई ब एक महिला त्रिबैनी पत्नी श्रीपति आदिवासी निबासी मेधपुरा की धटना स्थल पर मौत हो गई धटना समय 11 बजे की है सूचना मिलते ही अगरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे धायलौ को लेकर विजयपुर स्वास्थ केन्द्र लेकर आये जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर 9 ब्यक्तीयौ को ग्वालियर रैफर कर दिया, शेष 4 ब्यक्तीयौ को अगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था तथा शेष ब्यक्तीयौ का ईलाज विजयपुर स्वास्थ केन्द्र मैं जारी है सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ब जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन ब जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़ ब मंण्डल अध्यक्ष शिबम मुगदल ब एसडीएम अभिशेकमिश्र ब रजनी बधेल तहसील दार भी विजयपुर स्वास्थ केन्द्र पहुंचे इन सभीने पीडितौ का हाल जाना ब ईश्वर से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ब मृतिका त्रिबैनी के परिवार को धीरज बधाई। अभी तीन दिन पहिले खितरपाल गैस गोदाम के पास भी टैक्टर ट्राली पलटी थी जिसमै 4 की मौत हुई थी ब दो दर्जन पुरुष ब महिलाएं धायल हुई थी, इस धटना से भी ट्रैक्टर चालक सबक नहीं सीखा पाये कि धीमी-धीमी रफ्तार से टैक्टर चलायै, अधिकांश देखने मैं आरहा है कि अनाड़ी पायलट बनजाते है और स्टैरिग पर बैठते ही तेज रफ्तार मैं टैक्टर चलाते हैं, तथा इस क्षेत्र मैं बगैर लाइसैंस धारी बासन चलाते हैं, इसलिए हादसे बढ़ रहे हैं, तथा नाबालिग बंच्चे भी इस क्षेत्र में भली भांति टैक्टर ब फोर व्हीलर गाड़ी व टमटम चलाते देखने में आते ही यदि प्रसाशन इस ओर ध्यान देकर कार्यवाही करें तो घटना क्रम में कमी आयेगी।

सूचना मिलते ही पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा भी स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर पहुंचे और उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि हमारे घायल आदिवासी भाईयों को सहायता राशी दी जावे तथा मृतिका त्रिवैणी पत्नी श्री पति आदिवासी निवासी मेधपुरा को भी सहायता राशी प्रदान कराई जावे।



> हमने कलैक्टर मैडमजी को घटना में शामिल धायलौ को सहायता राषी के बारे में जानकारी दे दी है तथा मृतक महिला त्रिबैनी पत्नी श्रीपति आदिवासी के बारे मैं भी अबगत करा दिया है
>
> अभिषेक मिश्र
> एसडीएम

## एक नजर में

### पानी पीने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना वीरपुर मारपीट फरि. बंटी पुत्र दर्शनलाल कडेरा उम्र 35 साल नि. चक्क सीताराम थाना वीरपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 19.04.26 के 23.00 से 23.15 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर चक्क सीताराम वीरपुर आरोपीगण, ब्रजेश पुत्र रामलखन नि. ग्राम धोरी बावडी वीरपुर, अज्ञात व्यक्ति ने फरि. को पानी पीने की बात को लेकर गाली गलौच की मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

### शादी के लिये रुपये न देने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना कराहल मारपीट फरि. बलराम पुत्र बाबू आदिवासी उम्र 35 साल नि. ग्रम पहेला थाना कराहल ने रिपोर्ट की कि दि. 19.04.26 के 21.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर ग्राम पहेला कराहल आरोपी महावीर पुत्र बाबू आदिवासी नि. सदर ने फरि को शादी के लिये रुपये न देने की बात को लेकर गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई।

### मकान बनाने के लिये रुपये मागने के ऊपर मारपीट

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना मानपुर मारपीट फरि. महावीर पुत्र रामनाथ बैरवा उम्र उम्र 52 साल नि. ग्रम कल्याणपुरा थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 20.04.26 के 12.00 बजे स्थान आरोपी के घर पास खड्डूराम का डेरा मानपुर आरोपीगण, रतन पुत्र खदूराम ओड, गमसू पुत्र रतन ओड नि.गण खड्डूराम का डेरा मानपुर ने फरि को मकान बनाने के लिये रुपये मागने के ऊपर से मां बहन की जातिसूचक गालियां दी व लात घूसो से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### तेज बाईक चलाकर मारी टक्कर

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना कराहल सड़क दुर्घटना फरि. कैलाश पुत्र कम्मूरखत आदिवासी उम्र 45 साल नि. कुम्हार मोहल्ला श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 10.30 बजे स्थान पुलिया के पास पनवाडा मंदिर से पहले पर आरोपी मो.सा. क्र. आरजे 28 सीजे 8486 का चालक ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को टक्कर मार दी जिससे चोटे आयी दौराने इलाज मृत्यु हो गई।

### 20 क्वा. अवैध शराब जप्त

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना रघुनाथपुर अवैध शराब पकड़ी आरोपी बनवारी पुत्र हीरा माली उम्र 51 साल नि. रिझेटा को दि. 19.04.26 के 17.20 बजे स्थान पुराना रेलवे स्टेशन के पास पर कब्जे से 20 क्वा. देशी शराब कीमती 2000/-रु. के जप्त किये।

### 06 ली. अवैध शराब जप्त

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना मानपुर अवैध शराब पकड़ी आरोपी सुभाष पुत्र रामजीलाल शिवहरे उम्र 50 साल नि. बसंत नगर जौरा मुरैना को दि. 19.04.26 के 18.00 बजे स्थान खेड़ापति मंदिर के पास पर कब्जे से 06 ली. हा. भ. की कच्ची शराब कीमती 600/-रु. के जप्त की।

### दो वर्ष की बच्ची को लावारिस हालात मे छोड़ा


**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना मानपुर लावारिस बच्ची मिली फरि. सोनू पुत्र रेवड़ी लाल आर्य उम्र 32 साल नि. सोई खुर्द ने रिपोर्ट की कि दि. 18.04.26 के 06.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने पाली रोड़ पर आरोपी अज्ञात माता पिता ने अपनी बच्ची उम्र 02 साल को लावारिस हालात मे छोड़ दिया।

### शादी करने की बात कही इसी बात पर मारपीट

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना अगरा मारपीट फरि. रामनिवास पुत्र मांगीलाल आदिवासी उम्र 35 साल नि. टीनापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 18.04.26 के 20.30 बजे स्थान फरि के घर के बाहर पर आरोपीगण, नबाव सिंह पुत्र प्रीतम आदिवासी, फूलसिंह पुत्र प्रीतम आदिवासी नि. गण टीनापुरा ने फरि ने आरोपीगणो से अपने भाई की शादी करने की बात कही इसी बात पर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**श्योपुर 22 अप्रैल.** थाना देहात मारपीट फरि. नितेश पुत्र रामलखन मीणा उम्र 21 साल नि. जलालपुरा थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 19.04.26 के 21.00 बजे स्थान खातोली रोड़ विशाल की दुकान के पास जलालपुरा पर आरोपीगण, रामअवतार मीणा, मंत्या मीणा नि.गण गांधीनगर श्योपुर ने फरि को पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।




### पाण्डोला में आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

श्योपुर 22 अप्रैल. कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पांडोला द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र-ए पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों में मातृ एवं शिशु पोषण के बारे में गर्भवती धात्री महिलाओं एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया तथा औषधियां प्रदाय की गई। शिविर में डॉ चित्रलेखा अग्रवाल एवं चेतन रावत द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# क्षीर धारा ग्राम योजना संयुक्त समिति की बैठक आयोजित

**दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नस्ल सुधार, टीकाकरण के कार्य किये जायें-डीएम**

**योजना के तहत जिले में 34 गांव लक्षित**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 22 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा ''क्षीर धारा ग्राम योजना'' प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालकों की आय को दोगुना करना है। इसके तहत श्योपुर जिले में 34 गांव लक्षित किये गये है। इन ग्रामों में डेयरी क्षेत्र के सभी घटको का एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लक्षित ग्रामों में नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना, हरे चारे की उपलब्धता तथा पशुपालको की आय में वृद्धि के साथ ही सतत् रूप से पशुपालन को जारी रखना है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में क्षीर धारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## क्षीर धारा योजना के लिए 34 ग्राम लक्षित

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दुगना करने के महत्वाकांक्षी उद्देश्य से प्रदेश के चयनित ग्रामों में नस्ल सुधार पशु पोषण एवं स्वास्थ्य के आधार पर विकसित करने के लिए ''क्षीर धारा ग्राम योजना'' प्रारंभ की गयी है। उक्त योजना तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित होगी। जिले में 34 गांव क्षीर धारा ग्राम के लिए लक्षित किये गये है, इन ग्रामों को क्षीर धारा ग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा तथा सभी मानक पूरे होने के बाद तीन साल की अवधि उपरांत इन्हें क्षीर धारा ग्राम घोषित किया जायेगा।

योजना के तहत श्योपुर विकासखण्ड में 14, विजयपुर में 12 तथा कराहल में 08 ग्राम लक्षित किये गये है, लक्षित ग्रामों में विकासखण्ड श्योपुर के गोपालपुरा, सोईकलां, श्रीपुरा, हथवारी, नागदा, मलपुरा, माधोराजपुरा, लाडपुरा, सरोदा, ढीमचौतरा, ढोटी, किलोरच, बिलोनी एवं खोजीपुरा, कराहल विकासखण्ड में कर्राई, गोरस, हसनपुर, जाखदा, पहेला, झिरन्या, कलमी एवं कैलोर, विजयपुर विकासखण्ड में चकचांदखा, हारकुई, छावर, माता का पुरा घूघस, उपचा, जोमा का पुरा, मढा, फरारा, हरि सिंह का पुरा, सेवला, खैरोदा खुर्द एवं कोतवाल की झोपडी शामिल है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि योजना के तहत लक्षित ग्रामों में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य के उपरांत सघन बदीयाकरण अभियान एवं बांझपन निवारण शिविर लगाये जायें तथा पशुपालन जागरूकता शिविर एवं संगोष्ठि आयोजित की जायें। उन्होंने कहा कि नस्ल सुधार उच्च नस्ल के सीमन से दुधारू पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, स्वास्थ्य सुरक्षा पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण और बधियाकरण एवं अपशिष्ट प्रबंधन गोबर और अन्य अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जायें।

उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के तहत कार्य योजना तैयार की जायें तथा लक्षित ग्रामों में योजना अंतर्गत निर्धारित बिन्दुओं पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से समन्वय कर कार्य पूर्ण किये जायें। उक्त योजना की अवधि तीन वर्ष है, जिनमें सभी गतिविधियां सकारात्मक रूप से पूर्ण होने पर क्षीर धारा ग्राम घोषित किये जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे द्वारा विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जिले में अभी तक विभिन्न स्थानों पर 31 बांझपन निवारण शिविर लगाये गये है तथा कुल 792 पशुओं का बधियाकरण किया गया है। इसी प्रकार 15 हजार 943 पशुओं का टीकाकरण और 26 हजार 507 पशुओं की टेगिंग की गई है।

# वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 22 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत आज प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर व शास. आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें पीजी कॉलेज श्योपुर के सहा. प्राध्यापक वाणिज्य विभाग प्रो. लोकेंद्र सिंह जाट द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला संयोजक डॉ.संगीता शाक्य, डॉ. उर्मिला बाथम डॉ. सीमा चौकसे, डॉ. घनबाई डावर व शास. आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर से संयोजक डॉ.परवीन वर्मा, सदस्य वेदांकी खंडेलवाल, डॉ. सरलेश मौर्य व महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




## जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य जारी

**श्योपुर.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों को गहरीकरण के कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत कराहल के बडा तालाब तथा बिचपुरी के हीरामन बाबा तालाब में डिसिल्टिंग कार्य कराया जा रहा है। तालाब के गहरीकरण कार्य से वर्षाजल का एकत्रीकरण अधिक मात्रा में हो सकेगा, जिससे ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।



# मलेरिया टीम ने किया 60 घरों का सर्वे

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 22 अप्रैल.** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एनएस बिंदल के निर्देशन में जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए संचालित गतिविधियों के क्रम में विकासखंड कराहल के ग्राम ककरधा में मलेरिया पॉजिटिव केस प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। एमआई नरसिंह गौड़, सीएचओ भूपेंद्र मीणा एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र में 60 घरों का लार्वा सर्वे किया गया तथा मच्छरों के नियंत्रण हेतु पायरेथ्रम स्पेस स्प्रे कराया गया। साथ ही ग्राम के 20 व्यक्तियों की मलेरिया आरडी किट से जांच की गई, जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई।

टीम द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें मच्छरदानी का नियमित उपयोग, सोते समय पूर्ण शरीर को ढककर सोना, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआँ करना एवं आसपास जल जमाव न होने देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी समझाइश दी गई कि किसी भी प्रकार का बुखार आने पर तत्काल रक्त जांच कराएं तथा मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर पूर्ण उपचार अवश्य लें।

इसी प्रकार विकासखंड बड़ौदा के अंतर्गत एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा ग्राम रायपुरा, वर्धा बुजुर्ग एवं जाटखेड़ा का भ्रमण कर आशा कार्यकर्ताओं के मलेरिया संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। उन्हें निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर लार्वा सर्वे करें एवं बुखार के मरीजों की किट द्वारा जांच सुनिश्चित करें। साथ ही समुदाय में मलेरिया नियंत्रण के उपायों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाने एवं प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को मच्छरदानी के उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने एवं शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआँ करने के लिए प्रेरित किया गया।

## निराश्रित मेधावी बालिका को अपर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 22 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा निराश्रित बालिका तनु पारिक को हाईस्कूल परीक्षा में 85 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन भी मौजूद रहें। बालिका ने शासकीय हाईस्कूल रायपुरा से 10वी की परीक्षा 85 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की है। विपरित परिस्थितियों में अपनी पढाई जारी रखने और अच्छे अंको के साथ 10वी बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली बालिका को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर द्वारा उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम रायपुरा में अपनी मौसी श्रीमती माया मीणा के यहां अपने तीन छोटे भाई-बहनो के साथ रह रही तनु के माता-पिता नही है, महिला बाल विकास विभाग की स्पोन्सरशिप योजना में इन चारों बच्चों को लाभ दिया जा रहा है, जिसके तहत प्रति बच्चे के मान से प्रत्येक माह 4-4 हजार रूपये की राशि शासन की योजना के तहत उपलब्ध हो रही है।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग श्योपुर, जिला श्योपुर (म.प्र.)

प्र.क्र /अ-20(2)/2025-26/1367 श्योपुर, दिनांक 6/4/26

### सार्वजनिक उद्घोषणा

न्यायालय कलेक्टर जिला श्योपुर का प्र.क्र. 0012/अ-20(2)/2025-26 दिनांक 25 03.2026 द्वारा उप महा प्रबंधक, राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड, सिरोल, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर म.प्र. द्वारा PNG,CNG, IPNG एवं CPNG सुविधा हेतु आधार भूत संरचना विकसित करने के लिए कस्बा श्योपुर तहसील श्योपुर की निम्नानुसार भूमि राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड, जयपुर, राजस्थान के पक्ष में हस्तांतरण किये जाने बावत आरसीएमएस पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. | ग्राम | सर्वे क्रमांक | कुल रकवा | आवेदित रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कस्बा श्योपुर | 544/3 | 1.1910 हे. | 0.1500 हे. |
| 2 | | 543/4 | 0.6900 हे. | 0.2000 हे. |
| | कुल | कुल किता 02 | 1.881 हे. | 0.3500 हे. |

उपरोक्तानुसार भूमि आंवटित किये जाने हेतु म.प्र नजूल भूमि निर्वतन निर्देश, 2020 के अंतर्गत जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन अक्श नक्शा, खसरा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित यथाशीघ्र भिजवाने के निर्देश दिये है। उपरोक्त संबंध में दावे, आपत्तियां और सुझाव विज्ञप्ति जारी दिनांक से 15 दिवस की अवधि के भीतर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र. में आमंत्रित किये जाते हैं। नियत अवधि के व्यतीत होने के पश्चात प्रस्तुत दावे, आपत्तियां, सुझाव और आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(गगन सिंह मीना)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
नजूल अधिकारी
अनुभाग श्योपुर जिला श्योपुर

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-44-26 दिनांक- 20.04.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

**वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल, झाँसी** भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** JHS-N-W-44-26

**कार्य का नाम:** रिपेयर एंड रेस्टोरेशन ऑफ़ आटोमेटिक फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टमस ओवर झाँसी डिवीज़न।

**कार्य लागत लगभग:** ₹ 3421674.49/- **धरोहर राशि:** ₹ 68400/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil **निविदा खुलने की तिथि:** **12.05.2026** Time **15.00**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 06 माह

• निविदा दिनांक **12.05.2026** को **15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION - S AND T)** पर देखें।

**876/26 FA**


North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं0-पी/ईएस/पेंशन अदालत/जून 2026 दिनांक : 17.04.2026

**अधिसूचना**

**मण्डल कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा पेंशन अदालत जून-2026 का आयोजन**



मण्डल रेल प्रबंधक (कार्मिक), झाँसी कार्यालय द्वारा दिनांक 15 जून 2026 (सोमवार) को पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। केवल उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मण्डल के सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक कर्मचारियों के आश्रित यदि उन्हें सेवानिवृत्ति देय या पेंशन से संबंधित कोई शिकायत है तो वे अपने आवेदन की दो प्रतियाँ दिनांक **30.04.2026** तक निम्न पते पर अवश्य भेज दें।

**आवदेन रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजे गये ही स्वीकार किये जायेंगे।**

**पता किस पर आवेदन भेजना है :** वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी, कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक (कार्मिक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी

**आवेदन का प्रारूप :**

01. आवेदक/ आवेदिका का नाम -
02. पूर्व कर्मचारी का नाम -
03. पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थल -
04. पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/ आवेदिका का संबंध -
05. वर्तमान पता -
06. सेवानिवृत्ति की तिथि -
07. सेवानिवृत्ति के प्रकार - (सामान्य / स्वैच्छिक/अनिवार्य)
08. पी.पी.ओ. सं. - (पठनीय छायाप्रति संलग्न की जाय)
09. अन्तिम वेतन एवं वेतनमान -
10. शिकायतों को विस्तृत विवरण -
11. बैंक पास बुक की स्पष्ट छायाप्रति- (पठनीय बैंक खाता संख्या एवं आई.एफ.एस.सी. कोड सहित)

**नोट :- कृपया लिफाफे के ऊपर ''पेंशन अदालत जून 2026'' का उल्लेख अवश्य करें।**

(जी.पी. मिश्रा)
मण्डल कार्मिक अधिकारी, उ.म.रे., झाँसी

846/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR